केंद्रीय सडक अनुसंधान संस्थान

राजभाषा अनुभाग

सं.20-05/14/20-राभा. दिनांक 02.11.2021

परिपत्र

विषय - दिनांक 11 नवबंर 2021 को हिंदी टेबल कार्यशाला का आयोजन।

संस्थान में कार्यालयी विषयों पर व्याख्यान, अभ्यास कार्य एवं प्रशिक्षण के माध्यम से हिंदी कार्यशाला का नियमित आयोजन किया जाता है। निदेशक महोदय से प्राप्त अनुमोदन के अनुसार प्रशासनिक अनुभागों के लिए दिनांक 11 नवंबर 2021 को हिंदी टेबल कार्यशाला का आयोजन प्रस्तावित है। कृपया ध्यान दें कि संस्थान के सभी प्रशासनिक कार्मिकों को अंग्रेजी-हिंदी प्रशासनिक शब्दावली की प्रतियां उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ साथ, सभी कनिष्ठ सचिवालय सहायकों को केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग, भारत सरकार के हिंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण दिलाया जा चुका है। मूल रूप से हिंदी में टिप्पणी एवं आलेखन को प्रोत्साहित करने की भारत सरकार की नीति के अनुसार संस्थान की ओर से समय समय पर निदेश भी जारी किए गए हैं। हिंदी टेबल कार्यशाला का प्रारूप निम्नलिखित है -

दिनांक	समय		अनुभाग एवं प्रभाग
11.11.2021	प्रातः	10.00 - 10.45	स्था.1 अनुभाग
		11.00 - 11.45	भंडार व क्रय अनुभाग
		12.00 - 12.45	स्था.2 अनुभाग
	अप.	02.30 – 03.15	वित्त व लेखा अनुभाग
		03.30 – 04.15	कार्मिक अनुभाग
		04.30 – 05.00	सतर्कता अनुभाग

मूल हिंदी में काम को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित हिंदी टेबल कार्यशाला में अनुभागों में प्रत्यक्ष रूप से जाकर नोटिंग/ड्राफ्टिंग या पत्र लिखते समय होने वाली समस्या, भाषायी त्रुटियों आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी। कंप्यूटर पर हिंदी में काम के दौरान आने वाली समस्याओं के अलावा हिंदी से संबंधित अन्य समस्याओं को हल करने का प्रयास किया जाएगा। सभी प्रशासनिक कार्मिकों के लिए यह कार्यशाला उपयोगी रहेगी। इसमें सभी प्रमुखों, अनुभाग अधिकारियों एवं संबद्ध कार्मिकों की सहभागिता अपेक्षित है। हिंदी टेबल कार्यशाला को अधिक उपयोगी बनाने के लिए सभी प्रमुखों की ओर से कार्रवाई अपेक्षित है –

1. हिंदी में काम के दौरान आने वाली समस्याओं की पहचान।
2. मूल हिंदी में काम को बढ़ावा देने के लिए सुझाव।
3. सहायक हिंदी सामग्री, सॉफ्टवेयर, हिंदी टाइपिंग विधियों, हिंदी शब्दकोश आदि अपेक्षाओं की पहचान।
4. आसान हिंदी में पत्राचार, टिप्पणी लेखन, रजिस्टर-रिकॉर्ड आदि का रखरखाव विषयक प्रस्ताव/सुझाव।

अनुरोध है कि कृपया **दिनांक 08.11.2021** तक उपर्युक्त बिंदुओं पर प्रतिपुष्टि (फीडबैक) देते हुए अपने अनुभाग में प्रशासनिक हिंदी टेबल कार्यशाला के यथानिर्धारित कार्यक्रम के लिए अपनी सहमति प्रदान करें। प्राप्त प्रतिपुष्टि के आधार पर टेबल कार्यशाला के लिए यथावश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुनः अनुरोध है कि अपने अनुभाग में प्रशासनिक हिंदी टेबल कार्यशाला को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों एवं संबद्ध कार्मिकों की उपस्थिति एवं सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की कृपा करें।

02-11-21

(संजय चौधरी)

हिंदी अधिकारी

प्रतिलिपि

1. निदेशक महोदय का कार्यालय
2. वरि. प्रशासन नियंत्रक का कार्यालय
3. प्रशासन अधिकारी कार्यालय
4. सभी अनुभागीय प्रमुख : समुचित कार्रवाई करने हेतु
5. कार्यालय प्रति
6. सूचना पट्ट

hindi kar 2017OM